निवेशकों को राज्य का मित्र मानें उन्हें न हो कोई परेशानी : नन्दी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त हुए निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने और प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को हिदायत दी कि वे निवेशकों को राज्य का मित्र मानें और उन्हें नियमानुसार सुविधाएं प्रदान करें।

नन्दी शनिवार को योजना भवन में प्रदेश में तैनात सभी 105 उद्यमी मित्रों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक का उद्देश्य ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ ही उद्योग मित्रों को सहायता प्रणाली प्रदान कर उनकी उपयोगिता बढ़ाने के बारे में चर्चा करना था। नन्दी ने यूपीजीआइएस में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए संबंधित विभागों से जल्द से जल्द मंजूरी लेने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उद्यमी मित्र सरकार और निवेशकों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। यह उद्यमी मित्रों की जिम्मेदारी है कि निवेशकों को किसी भी समस्या के समाधान के लिए परेशान न होना पड़े। उद्यमी मित्र यह सुनिश्चित करें कि जो भी निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आ रहे हैं, उनका अनुभव अच्छा हो।